# सैनिक स्कूल रीवा (म.प्र.)

## दर अनुबंध के लिए निविदा

**TENDER FOR RATE CONTRACT**

**(THIRD CALL)**

## निविदा प्रपत्र

**श्रेणी** - **सेवाएं (Category 3)**

**उप-श्रेणी** - भवन, सड़कों और अन्य अचल संपत्तियों के वार्षिक / विशेष रखरखाव अनुबंध

संचालन अवधि : 01 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 14 अप्रैल 2025

समय- दोपहर 12.00 बजे तक

तकनीकी निविदा खुलने की तिथि - 14 अप्रैल 2025

समय - दोपहर 12.30 बजे या बाद में

वित्तीय निविदा खुलने की तिथि - 17 अप्रैल 2025

समय - दोपहर 12.30 बजे या बाद में

धरोहर राशि (ई.एम.डी): रुपये **3,00,000/- (Refundable)**

**सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश)**

**(रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित)**

Tele No - 07662-292135, 257109 Fax No – 254803
Email – ssrewa@sainikschoolsociety.in

## भवन, सड़कों और अन्य अचल संपत्तियों के वार्षिक / विशेष रखरखाव अनुबंध हेतु नियम एवं शर्तें

1. सैनिक स्कूल रीवा लगभग 242.77 एकड़ भूमि पर स्थित है। इसमें कई अचल संपत्तियाँ हैं जैसे भवन, सड़क, पानी की पाइपलाइन, जल निकासी प्रणाली, चारदीवारी, खेलकूद के लिए बुनियादी ढांचा आदि। ये बुनियादी ढांचे स्कूल चलाने के लिए आवश्यक हैं। कार्यात्मक बने रहने के लिए उन्हें आवधिक रखरखाव की आवश्यकता होती है। ऐसे रखरखाव कार्यों के लिए आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं को एमपी पीडब्ल्यूडी एसओआर में सूचीबद्ध किया गया है। एसओआर में ऐसी वस्तुओं और सेवाओं की सरकार द्वारा अनुमोदित दर का भी उल्लेख किया गया है। विषय अनुबंध का दायरा केवल एमपी पीडब्ल्यूडी एसओआर तक ही सीमित है।

2. सैनिक स्कूल रीवा को प्रतिष्ठित, स्थापित और वित्तीय रूप मजबूत एवं पंजीकृत एजेंसी की आवश्यकता है। जो कि सैनिक स्कूल रीवा के सभी इमारतों, सड़कों और अन्य अचल संपत्तियों के वार्षिक/विशेष रखरखाव अनुबंध (भवन, विद्युत एवं सड़क) कार्य दर अनुबंध आधार **(on rate contract basis)** पर प्रदान कर सकें।

### सामान्य शर्तें

3. एजेंसी का चयन प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा । दो बोली प्रणाली को अपनाया जाएगा (यानी तकनीकी निविदा और वित्तीय निविदा) । आमतौर पर एसओआर दरों को अधिकतम दर **(Ceiling Rate)** के रूप में लिया जाना चाहिए । **सभी** श्रेणियों के लिए अधिकतम दर के रूप में **SOR** को लिया जाएगा । श्रेणीवार अधिकतम दर के ऊपर कोई भी दर को स्वीकार नहीं की जाएगी और उस बोली को पूर्णरूप से खारिज कर दी जाएगी। इस सन्दर्भ में निम्नलिखित दस्ताबेजों को देखें:-

(a) MP PWD Schedule of Rates for Building Works in force from Jan 01st 2024.

(b) MP PWD Schedule of Rates for Electrical Works in force from Jan 01st 2024.

(c) MP PWD Schedule of Rates for Road and Bridge Works in force from 25th Mar 2022.

(d) वित्तीय निविदा का दर कैसे प्रस्तुत करना है वो समझने के लिए वित्तीय निविदा का प्रारूप देखें ।

4. दर को उल्लेख करने के तरीके को समझने के लिए वित्तीय निविदा का प्रारूप देखें। निविदा प्रपत्र दो भाग में विभाजित है। प्रथम भाग **तकनीकी निविदा** एवं दूसरा भाग **वित्तीय निविदा** । दोनों निविदाएं अलग-अलग लिफाफे में सीलबंद कर उसके ऊपर **"भवन, सड़कों और अन्य अचल संपत्तियों के वार्षिक / विशेष रखरखाव अनुबंध सैनिक स्कूल रीवा के लिए "तकनीकी निविदा** एवं **वित्तीय निविदा** लिखकर जमा करें। केवल तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं खोली जाएगी ।

5. इच्छुक आपूर्तिकर्ता एजेंसी धरोहर राशि (ई.एम.डी) **डिमांड ड्राफ्ट (Demand Draft)** के रूप में रुपये **3,00,000/- (**रुपये तीन लाख मात्र**)** प्रिंसिपल, सैनिक स्कूल रीवा के नाम से जमा करेंगे **(**ई.एम.डी राशि नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा**)**। **डिमांड ड्राफ्ट (Demand Draft)** तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ सीलबंद लिफाफे में जमा करना होगा । साथ में पैरा **- 6** में उल्लेखित दस्तावेजों को भी देना होगा। **डिमांड ड्राफ्ट (Demand Draft)** के अलावा, अन्य किसी प्रकार का भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा । वित्तीय निविदा प्रपत्र, निविदा दर के साथ, एक अलग लिफाफे में सीलबंद कर जमा करना होगा । दोनों सील बंद लिफाफा दिनांक 14 अप्रैल 2025 को दोपहर **1200** बजे तक सैनिक स्कूल कार्यालय में जमा करना होगा । केवल तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं दिनांक 17 अप्रैल 2025 को दोपहर **1230** बजे या बाद में खोली जाएगी ।

4**.** **आपूर्तिकर्ता एजेंसी** को **तकनीकी निविदा प्रपत्र** में निम्नलिखित दस्तावेजों की फोटोकॉपी संलग्न करना आवश्यक है। अन्यथा निविदा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। सभी दस्तावेज़ स्वयं द्वारा सत्यापित (Self Attested) किया गया हो**:-**

(क) निविदाकार का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त निवास प्रमाणपत्र / आधार कार्ड की प्रतिलिपि।

(ख) एजेंसी के पूर्ण पता की प्रतिलिपि।

(ग) जीएसटी नंबर की प्रतिलिपि।

(घ) पैन कार्ड की प्रतिलिपि।

(ड़) लोक निर्माण विभाग में पंजीयन की प्रतिलिपि।

(च) नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप में (तकनीकी निविदा के अनुसार)।

(छ) बैंक खाते की जानकारी प्रारूप के अनुसार भरकर जमा करें, साथ में एक कैंसिल भी लगाये । (तकनीकी निविदा के अनुसार)

(ज) श्रम विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र ।

(झ) दुकान/एजेंसी का फोटो।

(ट) पिछले तीन वर्षो में रूपये १ करोड़ की लगात के भवन निर्माण हेतु एक सिंगल वर्क आर्डर या पिछले पांच वर्षो में रूपये ५० लाख के दो वर्क आर्डर की छायाप्रति।

(ठ) विद्युत कार्य हेतु **A1 Class** पंजीकरण का प्रमाणपत्र की छायाप्रति।

7. आपूर्ति दरें समस्त करों सहित सैनिक स्कूल रीवा (मध्यप्रदेश) को देय होना चाहिए। प्रस्तुत किये गये बिलों से विद्यालय द्वारा भारत सरकार के नियमानुसार सभी करों की कटौती की जायेगी।

**8. मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय, भोपाल के आदेश अनुसार लागू एस.ओ.आर की तुलना में प्राप्त न्यूनतम निविदा दर (L-1) 10 प्रतिशत से अधिक नीचे (more than ten Present below) होने पर निविदा दर पर अव्यवहारिक दर (unworkable rates) माना जाऐगा। अव्यवहारिक दरें प्राप्त होने पर सफलतम् निविदकार (L-1) से प्राप्त निविदा राशि (Contract Amount) एवं एस.ओ.आर से 10 प्रतिशत कम की निविदा राशि (Cost of PAC@ 10 percent below) के अन्तर की राशि अतिरिक्त परफारमेंस गारण्टी (Additional Performance Guarantee) के रूप में ली जाएगी।**

9. हितों का टकराव (Conflict of interest)- इस खंड के तहत सैनिक स्कूल रीवा के वर्तमान / पूर्व छात्रों या कर्मचारियों और उनके करीबी रिश्तेदारों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जाता है। भविष्य में यदि चयनित बोलीदाता के संबंध में ऐसी (हितों का टकराव के) जानकारी सामने आती है तो अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा। यदि संभव हैं तो अनुबंध के लिए अगले बोलीदाताओं के साथ बातचीत किया जाएगा। अन्यथा नए सिरे से निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**<u>विशेष शर्तें</u>**

1. भवन, सड़कों और अन्य अचल संपत्तियों के वार्षिक / विशेष रखरखाव अनुबंध की सेवाएं प्रदान करने का अनुबंध 01 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक रहेगा। चयनित एजेंसी द्वारा कार्यो में लापरवाही, गैर जिम्मेदारी से किया गये कार्य के कारण, गुणवत्ता में कमी, सेवाएं प्रदान न करने की स्थिति में या सैनिक स्कूल रीवा की आवश्यकताओं में परिवर्तन के कारण, सैनिक स्कूल रीवा अनुबंध की अवधि 30 अप्रैल 2026 से पहले समाप्त कर सकती है। सैनिक स्कूल रीवा, चयनित निविदाकार को एक महीने का नोटिस देने के बाद किसी भी समय अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

2. चयनित एजेंसी को "राष्ट्रीयकृत बैंक / आरबीआई द्वारा अनुसूचित बैंक" द्वारा जारी किया रुपये 15,00,000/- (रुपये पंद्रह लाख मात्र) का परफॉर्मेंस बैंक गारंटी सैनिक स्कूल रीवा में जमा करना होगा। निविदा अनुबंध सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के **दो वर्ष के पश्चात्** निविदाकार को एक अनापत्ति प्रमाण पत्र **(No Objection Certificate)** सैनिक स्कूल रीवा को प्रदान करना होगा जिसमें यह वर्णन हो कि सैनिक स्कूल रीवा द्वारा जारी किए गए आपूर्ति आदेशों के अनुसार सभी वस्तुओं की आपूर्ति की है और अनुबंध दर के अनुसार देय राशि प्राप्त की है । संबंधित अनुबंध के संदर्भ में सैनिक स्कूल रीवा से कोई भी आपूर्ति आदेशों की देय राशि बकाया नहीं है । उसके बाद ही परफॉर्मेंस बैंक गारंटी वापस कर दी जाएगी । अनुबंध की अवधि की दौरान यदि भवन / सड़क के मरम्मत कार्यो में लापरवाही, गैर जिम्मेदारी से किया गये कार्य के कारण, गुणवत्ता में कमी, सेवाएं प्रदान ना करने की स्थिति पैदा होती है तो सैनिक स्कूल रीवा परफॉर्मेंस बैंक गारंटी का इस्तेमाल करके

विद्यालय को हुई नुकसान को पूरा करेगा । सम्बन्धित निविदाकार को भविष्य के लिए कालीसूची में दर्ज़ किया जाएगा तथा माननीय उपभोक्ता न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा ।

3. सभी एजेंसी की पृष्ठभूमि की जांच की जाएगी । यदि किसी निविदाकार के विरुद्ध यह सबूत पाया जाता है कि पहले लिए गए निविदा में उनका कार्य संतोषजनक नहीं था, सैनिक स्कूल रीवा उनकी निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार रखता है । बेनामी निविदा के लिए भी यही समान नियम लागू किया जाएगा तथा बेनामी निविदा के पीछे की मूल इच्छुक पार्टी की पहचान की जाएगी एवं मूल इच्छुक पार्टी को बेनामी निविदा का जिम्मेदार मानते हुए उस बेनामी निविदा से जोड़ा जाएगा और मूल इच्छुक पार्टी की निविदा को भी अस्वीकार कर दिया जाएगा।

4. समय–समय पर एम.पी. पीडब्ल्यूडी विभिन्न एसओआर के बारे में परिपत्र प्रकाशित करता है। यदि यह स्कूल उनमें से किसी को भी महत्वपूर्ण समझती है तो उसे अनुबंध में शामिल कर सकती है। इस तरह के मामलों में स्कूल और ठेकेदार के बीच अनुबंध की शर्तों से संबंधित एक नया समझौता होगा। यदि वार्ता विफल हो जाती है तो स्कूल को वर्ष की शेष अवधि के लिए एक नए ठेकेदार की खोज करने की स्वतंत्रता होगी। मौजूदा ठेकेदार को आपत्ति करने का कोई अधिकार नहीं होगा। हालांकि, नए परिपत्रों को, पूर्वव्यापी तरीके से, पूर्व में जारी किए गए कार्य आदेशों पर लागू नहीं किया जा सकता है।

5. एजेंसी द्वारा निवेदित की गई दरें 30 अप्रैल 2026 तक बनाई रखनी होगी। इस अवधि के दौरान जारी किए गए सभी कार्य / आपूर्ति आदेशों को उसके द्वारा उद्धृत दर के अनुसार चयनित फर्म द्वारा किया जाना है। कार्य / आपूर्ति आदेश जारी करने से पहले चयनित फर्म के परामर्श से वितरण की अवधि तय की जाएगी।अलग-अलग कार्य एवं आपूर्ति आदेश के अनुसार वितरण की अवधि उपरोक्त अवधि से अधिक हो सकती है। दरें निवेदित करने के बाद एस.ओ.आर की दरों में किसी भी प्रकार का सुधार बिल बनाते समय मान्य नहीं किया जाएगा। बाजार मूल्य वृद्धि पर दरों में वृद्धि हेतु किया गया निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6. प्रत्येक रखरखाव और मरम्मत कार्य के लिए लिखित आदेश प्रदान किया जाएगा, जिसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना होगा। बिना कार्य आदेश के कोई भी मरम्मत और रखरखाव का कार्य नहीं किया जाएगा। अवधि में मरम्मत कार्य की गुणवत्ता में कमी / खराब होने की स्थिति निविदाकार निःशुल्क उसमें सुधार करेगा अन्यथा परफॉरमेंस गारंटी की राशि से इसमें सुधार कराया जाएगा।

7. रखरखाव और मरम्मत कार्य की मात्रा कम या ज्यादा कितनी भी हो, निविदाकार द्वारा उसे करना अनिवार्य होगा।

8. अनुबंध अवधि में रखरखाव और मरम्मत कार्य के संपादन की जिम्मेदारी चयनित निविदाकार की होगी।

9. सैनिक स्कूल रीवा परिसर के अंदर सभी रखरखाव और मरम्मत कार्य निविदाकार द्वारा निर्धारित प्लान एवं तकनीकी मापदंडों के तहत करना होगा एवं कार्य में प्राक्कलन के अनुसार उच्च गुणवत्ता की सामग्री का ही प्रयोग किया जायेगा। किसी भी प्रकार का बदलाव स्वीकार नहीं होगा।

10. सैनिक स्कूल रीवा द्वारा अधिकृत बोर्ड अधिकारी एवं सदस्यों (PMG) के मार्गदर्शन में निविदाकार द्वारा कार्य पूर्ण करना होगा। निर्माण की गुणवत्ता और आपूर्ति की गई वस्तुओं की जांच स्कूल नियुक्त अधिकृत बोर्ड अधिकारी एवं सदस्यों (PMG) द्वारा की जाएगी। चयनित फर्म को अपेक्षित मानकों का पालन करना होता है।

11. दिये गये कार्य में यदि किसी तरह की लापरवाही या कमी पाये जाने पर विद्यालय द्वारा अधिकतम तीन बार सूचना दी जाएगी, उसके बाद भी यदि कार्य के प्रति उदासीनता या लापरवाही पाई जाती है तथा वर्णित समय परकार्य पूर्ण नहीं किया जाता हैं, तो उस दशा में आपका अनुबंध समाप्त कर दिया जाएगा तथा जमा की हुई धरोहर राशि राजसात कर ली जाएगी।

12. दो वर्ष तक कार्य में किसी भी प्रकार की क्षति होने पर अतिरिक्त मरम्मत कार्य निविदाकार को स्वयं करना होगा अतिरिक्त मरम्मत का कोई भुगतान विद्यालय नहीं करेगा ।

13. अनुबंध अवधि के दौरान कार्य स्थल की साफ सफाई आदि समय-समय पर किया जाएगा, तथा इस हेतु उपयोग होने वाले समस्त सामानों का खर्च निविदाकार स्वयं वहन करेंगे। निविदाकार द्वारा मरम्मत कार्य करने के दौरान बिजली के कामों के लिए एक टेम्परेरी कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा लिया जाएगा और उसी से बिजली के कार्य करेगा व बिल का भुगतान करेगा । इसके अतिरिक्त जिन स्थानों में टेम्परेरी बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं है, वहां निविदाकार द्वारा बिजली के उपयोग हेतु प्रतिमाह रूपये 3,500/- विद्यालय में जमा करना होगा। पानी के उपयोग करने पर प्रतिमाह रू. 690/- रूपये का भुगतान निविदाकार द्वारा किया जाऐगा ।

14. आपको यह बताया जाता है कि सैनिक स्कूल रीवा सरकार द्वारा प्राप्त अनुदान से संचालित इकाई होने के नाते सूचना का अधिकार अधिनियम के दायरे में आता है। इसलिए चयनित एजेंसी को हर काम / आपूर्ति आदेश से जुड़े अपने सभी प्रासंगिक दस्तावेजों को देने के लिए बाध्य होगा ।

15. किसी भी स्तर पर फर्जी दस्तावेज़ पाये जाने की स्थिति में निविदा निरस्त करने के साथ-साथ निविदाकार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी ।

16. निविदा आवेदन में सभी प्रविष्टियाँ पढ़ने योग्य और स्पष्ट रूप से भरी जानी चाहिए। यदि प्रस्तुत जानकारी के लिए स्थान अपर्याप्त है, तो अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित एक अलग शीट संलग्न की जा सकती है। निविदा आवेदन में कोई ओवरराइटिंग या कटिंग की अनुमति नहीं है। ऐसे मामलों में बोली को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

17. तकनीकी निविदा दिनांक 14 अप्रैल 2025 को सैनिक स्कूल रीवा में दोपहर **1230** बजे या बाद में खोली जाएगी । केवल तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं दिनांक 17 अप्रैल 2025 को सैनिक स्कूल रीवा में दोपहर **1230** बजे या बाद में खोली जाएगी । निविदा भरने वाले या उनके प्रतिनिधियों के उपस्थित ना होने की स्थिति में भी निविदा प्रपत्र खोली जाएगी। मौजूद न रहने वाले निविदाकार या उनके प्रतिनिधियों की आपत्तियों को निविदा खुलने के बाद स्वीकार नही किया जाएगा ।

18. सैनिक स्कूल रीवा द्वारा जारी किये गये निर्देशों का पालन नहीं किये जाने या किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में एक माह का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है ।

19. निविदाओं को स्वीकृत / निरस्त करने के सम्बन्ध में समस्त अधिकार प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा के पक्ष में सुरक्षित रहेंगे ।

**<u>वित्तीय निविदाओं के तुलनात्मक विवरण तैयार करने का तरीका</u>**

**1.** वित्तीय निविदा में बोली लगाने वालों को तीन अलग-अलग श्रेणियों के लिए बोली लगानी पड़ेगी । वे है**:-**

**(a)** नंबर **1** श्रेणी **-** भवन **(**विवरण के लिए देखें**-Schedule of Rates for Building Works)**

**(b)** नंबर **2** श्रेणी**-** विद्युत **(**विवरण के लिए देखें **-Schedule of Rates for Electrical Works)**

**(c)** नंबर **3** श्रेणी **-** सड़कें **(**विवरण के लिए देखें**- Schedule of Rates for Road and Bridge Works)**

2. बोली लगाने वाले को तीनों श्रेणियों के लिए बोली लगानी होगी । किसी श्रेणी के लिए कोई बोली ना लगाने पर उस बोलीदाता की संपूर्ण बोली अस्वीकार कर दी जाएगी । वित्तीय निविदा में, बोली लगाने वाले को यह लिखना होगा कि उस श्रेणी के एसओआर से कितना प्रतिशत नीचे के मूल्य पर वह अपनी सेवाएं देने जा रहा है । यह आमतौर पर अनुमान लगाया जाता है कि कुल काम में से 80% भवन संबंधित होगा (यानी नंबर 1 श्रेणी), 15% विद्युत संबंधित होगा (यानी नंबर 2 श्रेणी) और 5% सड़क से संबंधित होगा (यानी नंबर 3 श्रेणी) । तदनुसार श्रेणी का महत्व की गणना की जाएगी । अंतिम गणना के लिए पहली श्रेणी का महत्व 80% होगा, दूसरी श्रेणी का महत्व 15% और तीसरी श्रेणी का महत्व 5% होगा । अंत में एसओआर से नीचे **अधिकतम छूट (प्रतिशत में) देने वाले** निविदाकार को **L1** माना जाएगा ।

Sd/-x-x-x-

दिनांक: Mar 2025

प्रशासनिक अधिकारी
कृते प्राचार्य
सैनिक स्कूल रीवा

# तकनीकी निविदा

**भवन, सड़कों और अन्य अचल संपत्तियों के वार्षिक / विशेष रखरखाव अनुबंध**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदाकार का नाम | : | ........................................................... |
| 2. | पिता का नाम | : | ........................................................... |
| 3. | एजेंसी का नाम | : | ........................................................... |
| 4 | निविदाकार का निवास का पूर्ण पता (निविदाकार का निवास प्रमाणपत्र / आधार कार्ड की प्रतिलिपि संलग्न) | : | ........................................................... <br> ........................................................... |
| 5. | एजेंसी का पूर्ण पता (फर्म के पूर्ण पताकी प्रतिलिपि संलग्न) | : | ........................................................... <br> ........................................................... |
| 6. | ज़ीएसटी नंबर (प्रतिलिपि संलग्न) | : | ........................................................... |
| 7. | पैन कार्ड नंबर (प्रतिलिपि संलग्न) | : | ........................................................... |
| 8. | लोक निर्माण विभाग में पंजीयन की प्रतिलिपि | : | ........................................................... |
| **9**. | एजेंसी का दूरभाष | : | ........................................................... |
| **10**. | निविदाकार का व्यक्तिगत मोबाइल नंबर | : | ........................................................... |
| 11. | ई-मेल पता | : | ........................................................... |

RECENT PASSPORT SIZE PHOTO

**धरोहर-राशि** (**ई.एम.डी**) का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| राशि रुपये | : | ........................................................... |
| दिनांक | : | ........................................................... |
| डिमांड ड्राफ्ट नं . | : | ........................................................... |
| जारी कर्ता बैंक का नाम | : | ........................................................... |

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील

# तकनीकी निविदा

रू. **20 /-** के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित किया हुआ
(देखिए नियम एवं शर्त पैरा क्रमांक **6**(च))

मैं ............................................................... आत्मज ......................................................उम्र ................
निवासी ................................................................................................................ निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि **:-**

**1.** यह कि मेरी एजेंसी / कंपनी जिसका नाम .................................................................. है, तथा ................................................................................... में स्थिति है।

**2.** यह कि मैं / मेरी एजेंसी / कंपनी किसी भी विभाग में आज दिनांक तक काली सूचीबद्ध नहीं है ।

**3.** यह कि मेरी एजेंसी / कंपनी का जीएसटी नंबर ................................................ हैं ।

**4.** यह कि मेरा पैन नंबर / एजेंसी / कंपनी का ................................................ हैं ।

**5.** मेरे द्वारा समस्त टैक्स का भुगतान समय पर किया जाता हैं।

**6.** यह कि मेरा कोई रिश्तेदार / सगा संबंधी सैनिक स्कूल रीवा में कार्यरत नहीं है।

**7.** यह कि मैं, दी गई समस्त नियम एव शर्तों से सहमत हूँ।

उपरोक्तानुसार जानकारी मेरे पूर्ण ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य व सही है।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

## सत्यापन

यह कि मैं शपथकर्ता, उपरोक्तानुसार शपथपत्र आज दिनांक को बिना किसी दबाव एवं पूर्ण होश हवास में हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूँ।

हस्ताक्षर सत्यापनकर्ता

# तकनीकी निविदा

प्रारूप

(देखिए नियम एवं शर्त पैरा क्रमांक **6**(छ) )

## बैंक खाते का विवरण

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम / निविदाकार का नाम | |
| खाता क्रमांक | |
| खाते का प्रकार<br>चालू खाता | |
| बैंक का नाम | |
| बैंक शाखा का पता | |
| आईएफएससी कोड | |
| एम आई सी आर कोड | |

**निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील**

दिनांक

बैंक सील व हस्ताक्षर

# वित्तीय निविदा

**भवन, सड़कों और अन्य अचल संपत्तियों के वार्षिक / विशेष रखरखाव अनुबंध**

**अवधि : 01 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक**

| क्रमांक | विभिन्न प्रकार के लागू SOR | अधिकतम दर | श्रेणी का महत्व | ठेकेदार द्वारा दिए जा रहे अधिकतम दर के ऊपर छूट (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **नंबर 1 श्रेणी–भवन**<br><br>(विवरण के लिए देखें --Schedule of Rates for Building Works) | SOR | 80% | |
| 2 | **नंबर 2 श्रेणी – विद्युत**<br><br>(विवरण के लिए देखें --Schedule of Rates for Electrical Works) | SOR | 15% | |
| 3 | **नंबर 3 श्रेणी – सड़कें**<br><br>(विवरण के लिए देखें --Schedule of Rates for Road and Bridge Works) | SOR | 5% | |

**नोट : दरें GST के बिना होनी चाहिए।**

**वित्तीय निविदा भरने से पहले वित्तीय निविदाओं के तुलनात्मक विवरण तैयार करने का तरीका को देखिए ।**

**दिनांक**

**निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील**